झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,

कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010.
e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com

झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023

विज्ञापन संख्या–13/2023

आवश्यक सूचना–14

दिनांक–10.01.2024

माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय द्वारा याचिका संख्या W.P(PIL) No. 2785/2023, झारखण्डी सीटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थी संघ बनाम राज्य सरकार एवं अन्य, W.P(C) No. 5559/2022, सूरज बिहारी मंडल एवं अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य, W.P(C) No. 5697/2022, मोतीलाल लायक एवं अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य, W.P(C) No. 1936/2023 आशा कुमारी एवं अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य, इन वादों में दिनांक 20.12.2023 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में झारखण्ड राज्य के वैसे स्थानीय निवासी जो सीटेट अथवा पड़ोसी राज्य से टेट उत्तीर्ण हैं और झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 में सम्मिलित होने के इच्छुक हैं, से उपरोक्त परीक्षा अन्तर्गत ऑनलाइन आवेदन प्राप्त किया जाना है। उपरोक्त प्रकार के व्यक्तियों से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन लिंक आयोग के वेबसाइट पर शीघ्र एक्टिव की जा रही है।

साथ ही उपरोक्त न्यायादेश के आलोक में दिनांक 12.01.2024 से आयोजित की जाने वाली झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के परीक्षा–कार्यक्रम का पुनर्नियोजन आवश्यक हो गया है, और उपरोक्त परीक्षा अब दिनांक–10.02.2024 से प्रारंभ होना संभावित है। परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम उपरोक्त अनुसार नए ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् नए अभ्यर्थियों की संख्या के अनुसार परीक्षा–दिवसों की आवश्यकता का आकलन कर प्रकाशित की जाएगी।

ह०/–
परीक्षा नियंत्रक।